# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर

# चाँदपुर (बिजनौर)

## प्रशासकीय परिषद की पन्द्रहवीं बैठक

## का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| ➢ बैठक संख्या | 15वीं |
| ➢ दिनांक | 19 अक्टूबर, 2023 |
| ➢ स्थान | कक्ष संख्या 80,<br>मुख्य भवन, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ। |
| ➢ समय | पूर्वान्ह, 11.00 बजे |
| ➢ माध्यम | ऑफ लाइन |



Badal

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 15वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्न मा0 सदस्यगण उपस्थित हुए।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री आशीष पटेल,<br>माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले,<br>उ0प्र0 सरकार, लखनऊ एवं<br>माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री एम0 देवराज,<br>माननीय प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा,<br>कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ एवं<br>माननीय उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर। | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय,<br>कुलपति, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | श्री के0 राम<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर, उ0 प्र0। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 (डॉ0) नीरज कुमार सिंह,<br>प्रोफेसर, आई0बी0एम0, सी0एस0जे0एस0यू0, कानपुर,<br>पूर्व कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो0 के0 एस0 वर्मा0<br>प्रोफेसर, इले0 इंजी0 विभाग, के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर | सदस्य |
| 7. | प्रो0 नीलेन्द्र बादल,<br>निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर | सदस्य–सचिव |

अपरिहार्य कारणों से अन्य सदस्यगण उपस्थित नही हो सकें।



Badal

मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गयी।

**बिन्दु सं0 15.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 04 अगस्त, 2023 को सम्पन्न चौदहवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 04 अगस्त, 2023 को सम्पन्न चौदहवीं बैठक का कार्यवृत मा0 प्रशासकीय परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं पुष्टिकरण हेतु प्रस्तुत किया गया। जिस पर बिन्दु सं0 14.09.02 पर इस टिप्पणी के साथ कि मा0 उपाध्यक्ष, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर/माननीय प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के परीक्षण उपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी, मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**बिन्दु सं0 15.02 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 04 अगस्त, 2023 को सम्पन्न चौदहवीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनँक 04 अगस्त, 2023 को सम्पन्न चौदहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से मा0 प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया गया।

मा0 परिषद द्वारा संस्थान की प्रशासकीय परिषद की चौदहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से अवगत होते हुए संतोष व्यक्त किया गया।

**बिन्दु सं0 15.03 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की विगत 04 बी0ओ0जी0 की बैठक की अनुपालन आख्या की सूचना।**

मा0 परिषद को संस्थान राजकीय इंजीनियंरिंग कॉलेज, बिजनौर की विगत 04 बी0ओ0जी0 की बैठक की अनुपालन आख्या से सादर अवगत कराया गया।

मा0 परिषद, संस्थान की विगत 04 बी0ओ0जी0 की बैठक की अनुपालन आख्या की सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं0 15.04** **इन्क्यूबेशन सेंटर के कार्यों/गतिविधियों की सूचना।**

मा0 परिषद को संस्थान में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर की प्रोग्रेस एवं स्टार्टअप सम्बंधित कार्यों के अन्तर्गत 18 स्टार्टअप सूचीबद्व/पंजीकृत आदि की सूचना से सादर अवगत कराया गया।

मा0 परिषद उपरोक्त सूचना से अवगत हुई। साथ ही इंक्यूबेशन सेंटर के कार्यों की प्रगति पर मा0 परिषद द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए किये जा रहें कार्यों की सराहना की गयी तथा आगे भी इस दिशा में अन्य कार्य किये जाने हेतु सहर्ष विचार–विमर्श किया गया।

**बिन्दु सं0 15.05** **संस्थान परिसर में स्थापित छात्रावासों में (शौचालयों को छोड़कर) एवं मेन एकेडमिक ब्लॉक की मरम्मत एवं रंगाई पुताई के कार्यों की सूचना एवं अनुमोदन।**

मा0 परिषद को छात्र/छात्राओं की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए, छात्र हित एवं संस्थान हित में संस्थान परिसर में स्थापित छात्रावासों में (शौचालयों को छोड़कर) एवं मेन एकेडमिक ब्लॉक की मरम्मत एवं रंगाई पुताई के कार्यों की सूचना से सादर अवगत कराया गया। तथा यह भी अवगत कराया गया कि उक्त कार्य शासन से बजट न प्राप्त होने की स्थिति में संस्थान की बचत से भी किये जा सकते हैं। जिस पर मा0 परिषद द्वारा वित्त समिति के अनुमोदन उपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

**बिन्दु सं0 15.06** **राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर में संचालित पाठ्यक्रमों की लैबों की साज–सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरण आदि क्रय किये जाने हेतु अनुमोदन।**

मा0 परिषद को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर में संचालित पाठ्यक्रमों की लैबों की साज–सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरण आदि क्रय किये जाने की सूचना से सादर अवगत कराया गया। जिस पर मा0 परिषद द्वारा वित्त समिति के अनुमोदन उपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

**बिन्दु सं0 15.07 माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार एवं निर्णय।**

अन्य कोई प्रस्ताव प्राप्त नही हुए।

मा0 अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रो0 नीलेन्द्र बादल)
निदेशक एवं सदस्य–सचिव,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।

(श्री एम0 देवराज)
माननीय प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा,
कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ एवं
माननीय उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।

(श्री आशीष पटेल)
माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले,
उ0प्र0 सरकार, लखनऊ एवं
माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।